**EBSB UTSAV 2022 , ORGANIZED AT MAHARAJA BIJLI PASI GOVERNMENT PG COLLEGE ASHIYANA, LUCKNOW ON 29TH NOVEMBER 2022**

**THEME : UNITY IN DIVERSITY @AZADIKAAMRITMAHOTSAV**

**PHOTOGRAPHS AND NEWS ITEMS**




आपका हार्दिक स्वागत करता है
युग्मित
एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB)
EBSB उत्सव
उच्च शिक्षा विभाग
मुख्य अतिथि

# एक भारत श्रेष्ठ भारत में दिखी अद्‌भुत झलकियां

## » महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क


लखनऊ। महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना लखनऊ में भारत सरकार के द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत उत्सव-ए क्लचरल एक्स्ट्रावैगेंजा 2022 का आयोजन किया गया। आयोजन में आये सम्मानित अतिथिगणों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुमन गुप्ता



अतिथि समाजसेविका एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष नम्रता पाठक के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

प्रमुख संयोजिका डा. सनोबर हैदर ने अतिथियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा सम्मिलित दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की। इसी क्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा महाविद्यालय के द्वारा मुद्रित ईबीएसबी पत्रिका का


## مہاراجہ بجلی گورنمنٹ کالج میں ثقافتی پروگر



لکھنؤ۔مہاراجہ بجلی پاسی گورنمنٹ پوسٹ گریجویٹ کالج آشیانہ،لکھنؤ میں "ایک بھارت شریشٹھ بھارت" حکومت کی طرف سے چلائی جانے والی مہتواکانکشی اسکیم کے تحت، "ایک بھارت شریشٹھا بھارت اُتسو - ایک ثقافتی ایکسٹراوگنزا 2022" بڑے جوش وخروش کے ساتھ منایا گیا۔تقریب میں آئے معزز مہمانوں کا استقبال کالج کی پرنسپل پروفیسر سمن گپتا نے کیا اور پروگرام کا افتتاح مہمان خصوصی،سماجی کارکن اور اتر پردیش ریاستی خواتین کمیشن کی سابق نائب صدر محترمہ نے چراغ جلا کر کیا۔نمرتا پاٹھک۔پروگرام کا تھیم ای بی ایس بی پروگرام کے چیف کنوینر ڈاکٹر صنوبر حیدر نے پروگرام میں موجود مہمانوں اور حاضرین کے سامنے پیش کیا۔اسی سلسلے میں کالج کی طرف سے چھپنے والے ای بی ایس بی میگزین کا بھی مہمان خصوصی نے افتتاح کیا۔اس موقع پر کالج کے طلباء کی جانب سے مختلف ثقافتی پروگراموں کا انعقاد کیا گیا۔ماں سرسوتی کی وندنا کی دلکش پیشکش کے بعد طالبات نے میگھالیہ کا لوک رقص پیش کیا اور پھر رانی لکشمی بائی کی بہادری کی یاد میں طالبات کی طرف سے ایک بہت ہی متاثر کن ڈانس ڈرامہ پیش کیا گیا۔آزادی کے امرت مہوتسو کا جشن مناتے ہوئے،کالج کے طالب علم امن سنگھ نے سولو ڈانس کے ساتھ حاضرین کو مسحور کر دیا۔پروگرام کا اختتام ایک انتہائی پرکشش اور خوبصورت ڈانس واک کے ساتھ ہوا،جس میں طلباء نے ملک کی مختلف ریاستوں کے لوک رقص پیش کیے جس میں تنوع میں اتحاد کے موضوع پر روشنی ڈالی گئی اور ایک بھارت شریشٹھ بھارت کے جذبے کا مظاہرہ کیا۔طلباء سے خطاب کرتے ہوئے
مہمان خصوصی نے ایک بھارت شریشٹھ
کے مقاصد پر روشنی ڈالتے ہوئے کار
کاوشوں کی تعریف کی اور پروگرام میں
والے طلباء کو سرٹیفکیٹ دیے۔اس موقع
سابق پرنسپل ڈاکٹر یو کے سنگھ اور سرکاری
پرنسپل اساتذہ اور کالج کے تمام پروفیس
موجود تھے۔پروگرام کی نظامت ڈاک
اور ڈاکٹر راگھویندر مشرا نے کی۔پروگر
میں ڈاکٹر صنوبر حیدر نے شکریہ ادا کیا۔

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

बेलरायां-खीरी। महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार के द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत ''एक भारत श्रेष्ठ भारत उत्सव-ए-क्लचरल एक्स्ट्रावैगेंजा 2022 का आयोजन कर उक्त कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में आये सम्मानित अतिथिगणों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 सुमन गुप्ता के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेविका एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष नम्रता पाठक के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की विषयवस्तु ई0बी0एस0बी0 कार्यक्रम की प्रमुख संयोजिका डा0 सनोबर हैदर ने अतिथियों एवं उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की। इसी क्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा महाविद्यालय के द्वारा मुद्रित ई0बी0एस0बी0 पत्रिका का लोकार्पण भी किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की वंदना की मोहक प्रस्तुति के पश्चात छात्राओं ने मेघालय का लोक नृत्य प्रस्तुत किया एवं तत्पश्चात रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य की स्मृति में छात्राओं के द्वारा एक अत्यंत प्रभावशाली नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। आजादी के अमृत महोत्सव को मनाते हुए महाविद्यालय के छात्र अमन सिंह ने एकल नृत्य के द्वारा दर्शकगणों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का अंत बहुत ही आकर्षक एवं मनोहारी डांस वॉक के द्वारा किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने भिन्नता में एकता थीम को प्रदर्शित करते हुए देश के अलग अलग राज्यों



का लोक नृत्य प्रस्तुत किया और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के सार्थक प्रयासों की प्रशंसा की एवं उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट दिये। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा0 यू0के0 सिंह एवं राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य शिक्षकगण तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।



महात्मा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना, लखनऊ
आपका हार्दिक स्वागत करता है
एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB)
EBSB उत्सव

